तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार, 12 अक्टूबर 2025

04 100 बिस्तर छात्रावास निर्माण दो साल से अधूरा...



04 अरौद के विद्यार्थियों ने ग्राम के रावण भाठा में...








# मेंटनेंस के नाम पर बिजली कटौती पर विभाग की मनमानी, उपभोक्ताओं में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बिजली विभाग ने मेंटनेंस के नाम पर 11 अक्टूबर को सुबह 10 से सायं 4 बजे तक बिजली बंद करने की घोषणा किया था। शहर के लोगों ने 4 बजे तक इंतजार किया और 4 बजे तक बिजली नहीं आने पर लोगों में नाराजगी देखने को मिली। विभाग के सोशल मीडिया ग्रुप में आक्रोश दिखने लगा, परंतु विभाग का एक भी जिम्मेदार अधिकारी कुछ बोलने को तैयार नहीं, सभी ने मौन साध लिया। यह पहली बार नहीं है, इसके पहले भी ऐसा हो चुका है।

बिजली विभाग हर साल मेंटेनेंस के नाम पर दो से तीन बार बिजली बंद करने की विधिवत सूचना जारी करता है। बिजली के बंद करने का निर्धारित समय भी जारी करता है। दो साल से पहले जब भी सूचना जारी किया जाता था, उसके अनुसार ही बिजली बंद होती थी और निर्धारित समय पर चालू हो जाती थी। दो साल से विभाग के आला अफसर विधिवत सूचना जारी करने के उपरांत निर्धारित समय पर बिजली चालू नहीं कर पाते है और कम से कम दो घंटे देरी से चालू करते है। इसका तात्पर्य यही है कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सही ढंग से योजना नहीं बनाते है, जिसके कारण शहर की आमजनता को परेशानी उठानी पड़ती है। यह दो साल से कुछ ज्यादा ही हो रहा है।

विरोध करने वाले संगठन शहर के आफिस तक ही विरोध जताते है, कार्यपालन अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता कार्यालय तक नहीं पहुँच पाते है। कई जिम्मेदार अपना आक्रोश विभाग के द्वारा सोशल मीडिया ग्रुप में निकालते रहते है। दो साल से बिजली विभाग की फैली अव्यवस्था को ठीक करवाने को लेकर एक भी संगठन ने गंभीरता नहीं दिखाया है, उसका परिणाम है कि अधिकारी मस्त, जनता त्रस्त की परिस्थिती बनी हुई है और शायद बनी रहेगी।

**सालों से बिजली विभाग में फैली अव्यवस्था, नहीं मिल रही जानकारी**



### जवाब नहीं, तो ग्रुप का औचित्य क्या

*शहर के लोग सोशल मीडिया ग्रुप में विभाग के आला अफसरों से पूछते रहे कि मेरे मुहल्ले की लाईट कब तक आएगी। सायं 7 बजे मांझापारा में लाईट कब आएगी, पूछा गया, परंतु कोई जवाब किसी अधिकारी ने नहीं दिया। ग्रुप में जिम्मेदार किसी भी अधिकारी आमजनता के लाईट कितने बजे आएगी का जवाब नहीं देते है। ऐसे ग्रुप बनाने का औचित्य क्या है। ग्रुप में आमजनता का फैला आक्रोश विभाग तक पहुँच गया, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।*

## खबर संक्षेप



### अरौद में हुआ मेगा पालक बालक शिक्षक सम्मेलन

**चारामा।** विकासखंड चारामा के शाउमावि अरौद में 10 अक्टूबर को मेगा पालक बालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष वेदराम सेन रहें। संकुल प्राचार्य ने त्रैमासिक परीक्षा परिणाम घोषित किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारे संस्था विगत कई वर्षो से 100 प्रतिशत परीक्षा परिणाम देते आ रही है, शत प्रतिशत परिणाम के लिए सभी छात्रों को प्रेरित किया। इस दौरान जनक लाल ठाकुर, सुरेंद्र दुबे, हरिश्चंद्र कांगे, योगेश साहू, वेदव्यास गोस्वामी, दीपक पटेल, धनीराम सिन्हा, रोमनाथ साहू, उदिता भोयर, जमुना ऊके, बिकेश्वरी पोया व अन्य उपस्थित रहें।

### आंबा रतनपुर के बच्चों को मिला पौष्टिक आहार



**पखांजुर।** बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए प्रति माह रतनपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में एक विशेष आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम युवा लोक कल्याण सेवा समिति रतनपुर के सौजन्य से आयोजित किया गया, जिसके तहत केंद्र के नन्हें-मुन्नों को पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। खिलाया गया। समिति के संरक्षक कनाई दास ने कहा कि उनका उद्देश्य समाज के हर वर्ग, विशेषकर बच्चों के कल्याण के लिए काम करना है। समिति के सदस्य कनाई दास,आशीष विश्वास, कृपा सिंधु ढाली, देवाशीष कर्मकार, रविशंकर कर्मकार, मनोज दास, राजेश दास का योगदान है।

### युवक की हुई इलाज के दौरान मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत 43 वर्षीय प्रकाश रावटे ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए जिला अस्पताल कांकेर लाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक प्रकाश रावटे ने अज्ञात कारणो के चलते जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### चूहा मारने की दवा खाने से नाबालिग की मौत

**कांकेर।** कोरर थाना अंतर्गत जिला अस्पताल में इलाज के दौरान 14 वर्षीय रितिमा तेता का 10 अगस्त को मौत हो गया। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका ने चूहा मारने का दवाई खा लिया था, जिससे स्वास्थ्य ज्यादा बिगड़ गया था और इलाज के दौरान मौत हो गई। नाबालिग मृतिका ने चूहा मारने की दवाई किस कारण खाया, यह अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

**कार्रवाई : आरोपी निताई अधिकारी के घर की तलाशी में मिली अवैध लकड़ियां**

# परलकोट इलाके में जंगल कटाई जोरों पर, सागौन चिरान जब्त, माफिया फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

परलकोट ईलाके में जंगल कटाई जोरो पर है, वन को साफ करके वन अधिकार पट्टा भी मांग रहे है। माफियाओं से चोरी के सागौन फारा खरीदने वाले ही वन विभाग के हत्थे चढ़ रहे है। जंगल काटने वाले माफिया वन विभाग की पकड़ से बाहर है।

- सागौन पलंग 2 नग, सागौन फारा 10 नग, सागौन दरवाजा 1 नग, बीजा चिरान चौखट 11 नग, हल्दू फारा 3 नग बरामद

वन परिक्षेत्र कापसी के अमले को मुखबिर से अवैध सागौन का चिरान व फर्नीचर की जानकारी मिलने पर वन विभाग कापसी की टीम पश्चिम भानुप्रतापपुर के वनमण्डल अधिकारी हेमचन्द पाहरे और उप वनमण्डल अधिकारी पूर्व कापसी रामनाथ शोरी के कुशल मार्गदर्शन में सर्च वारंट लेकर 10 अक्टूबर को आरोपी निताई अधिकारी उर्फ नित्यानंद पिता स्व. जगदीश अधिकारी, उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम पीव्ही 01 रामनगर तहसील पखांजूर के मकान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपी के मकान से कुल 27 नग (0.333 घनमीटर) अवैध काष्ठ सामग्री बरामद किया गया, जिसमें सागौन पलंग 02 नग, सागौन फारा 10 नग, सागौन दरवाजा 01 नग, बीजा चिरान चौखट 11 नग, हल्दू फारा 03 नग को जप्त किया गया। वन विभाग ने आरोपी के विरुद्ध वन अपराध क्रमांक 303/05 दिनांक 10/10/2025 जारी कर दिया है और वन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आगे की कानूनी कार्यवाही जारी है।



### वन माफियाओं का नहीं हो पाया खुलासा

परलकोट ईलाके में लगातार शिकायत आ रही है कि वन माफिया जंगल से वनों को काटकर जंगल को खाली कर रहे है। जंगल खाली होने पर उस पर काबिज होकरा वन अधिकार पट्टा ले रहे है, यह बड़ा षड़यंत्र चल रहा है। वन माफियाओं को पकड़ने में वन विभाग कामयाब नहीं रह पाया है, वहीं वन माफियाओं से लकड़ी खरीदने वाले ही वन विभाग के हत्थे चढ़ रहे है। वन विभाग वन माफियाओं के लिंक को खोजकर आज तक खुलासा नहीं कर पाई है। वन अमला आरोपी से यह नहीं पता लगा पाता कि उसने सागौन फारा किससे खरीदा था या जंगल से लाया था, तो किस जंगल से कब लकड़ी किस तरह से काटकर लाया था। कार्यवाही करने वाली टीम इन विषयों पर जांच का हवाला देती है, परंतु जांच का परिणाम सामने नहीं आ पाया है।

### कार्यवाही टीम में शामिल अमला

सागौन पलंग व फारा को पकड़ने वाली टीम में परिक्षेत्र सहायक कुंजबिहारी पोया, परिसर रक्षक कानूलाल डे, प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल राहुल देव ठाकुर, विशाल ध्रुव, निशा लकड़ा, भूपेशवरी ठाकुर और पुलिस विभाग के अधिकारी- कर्मचारियों की भूमिका रही।

### कार्रवाई जारी रहेगी

वन परिक्षेत्र अधिकारी कापसी देवदत्त तारम ने कहा कि मुखबिर से जानकारी मिलने पर यह कार्यवाही की गई है। अवैध रूप से लकड़ी का व्यवसाय करने वालों के विरुद्ध वन विभाग की कार्रवाई आगे भी सख्ती से जारी रहेगी। यह भी पता लगाया जाएगा कि आरोपी यह अवैध लकड़ी कहाँ से और किस माध्यम से लाया था, उसकी जाँच जारी है।

## दो दिनों से शाम को हो रही झमाझम बारिश, किसानी और किसानों की मुसीबत बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। शाम होते ही लगातार झमाझम बारिश का दौर शुरू हो जाता है, जिससे जनजीवन पर असर पड़ने लगा है। शुक्रवार और शनिवार की शाम को हुई तेज बारिश से शहर की गलियाँ और मुख्य सड़कें पानी से भर गईं। कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। इसके अलावा यह बारिश किसानों के लिए आफत है। शाम होते ही दो दिनों से झमाझम बारिश हो रही है। शनिवार को दोपहर के बाद से ही काले बादल छाने लगे था और शाम साढ़े 5 बजें से तेज बारिश शुरू हो गई, जो एक घंट तक बरसता रहा। बादलो के गड़गड़ाने और बिजली के कड़कने से राहगीरों को काफी परेशानी हो रही थी। सड़क पर चलने वाले राहगीरों ने सुरक्षित स्थान देख वही शरण लेने को मजबूर हो गए। बारिश इतनी तेज थी कि सड़क दिखना बंद हो गया था। एक घंटे की बारिश ने आफत खड़ा कर दिया। एक घंटे की बारिश इतनी तेज थी कि पानी हवा के चलते चारों तरफ गिर रहा था। बारिश का मौसम निकल जाने के बाद हो रही बारिश से किसानों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, यह बारिश किसानों के लिए आफत बनकर आई है। किसानों की फसल का पूरी तरह से चौपट होना तय है। किसानों को समझ में नहीं आ ▶▶| शेष पेज 02 पर

### सालेटोला मार्ग झांड़ियों से ढका, हादसे की आशंका



**दुधावा।** दुधावा से सालेटोला जाने वाली सड़क पर सड़कों के दोनों तरफ घने घास उग आए हैं, जिससे दो गाड़ियों के गुजरने में भी परेशानी हो रही है। इससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। इस सड़क में रोजाना सैकड़ों वाहनों का आवाजाही रहता है। घास के कारण अब केवल एक ही वाहन जाने लायक सड़क बची है। स्थानीय निवासियों और यात्रियों ने कहा कि सड़क के दोनों किनारे घना झाड़ियां उग आई है, जिससे सामने से आ रही वाहन को पार करने में दिक्कत हो रही है। विभाग और ग्राम पंचायत को चाहिए कि वह झाड़ियों को जल्द से जल्द साफ कर सड़क को सफाई कर देना चाहिए, ताकि कोई गंभीर दुर्घटनाओ से बचा जा सके। सड़कों पर भी बड़े-बड़े गड्ढे को भी सुधार कर मरम्मत कार्य करना चाहिए।

## खस्ताहाल सड़क से त्रस्त स्कूली बच्चे धरने पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



गोण्डाहुर ईलाके के ग्राम पीव्ही 53 में जर्जर और कीचड़युक्त सड़क के कारण स्कूली छात्रों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल आने-जाने के दौरान छात्रों के अक्सर कीचड़ में फिसलकर गिरने की घटनाओं से परेशान होकर स्कूली बच्चों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर कीचड़ वाली सड़क पर धरने पर बैठ गए। जानकारी के अनुसार पीव्ही 53 की सड़क पिछले लंबे समय से बदहाल है, खासकर बारिश के मौसम में यह सड़क दलदल में तब्दील हो जाती है। छात्रों का कहना है कि उन्हें प्रतिदिन इसी कीचड़ भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है, जिससे वे न सिर्फ गंदे हो जाते हैं, बल्कि चोटिल भी होते हैं और उनकी पढ़ाई ▶▶| शेष पेज 02 पर

## किसानों को कोडागांव का कराया भ्रमण खेती की नई तकनीकी से कराया अवगत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनांतर्गत राज्य के अंदर एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण सह कृषक प्रशिक्षण के तहत जनपद पंचायत अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, कृषि सभापति जनपद सदस्य राजेश्वरी नेताम, पूर्व जनपद अध्यक्ष ईश्वर कावड़े ने हरी झंडी दिखाकर किसानों को रवाना किया।

किसानों के लिए कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र बोरगांव जिला कोण्डागांव में आयोजित किया गया, जिसमें मयाराम नेताम वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा एक्सटेंशन रिफॉर्म्स योजनान्तर्गत कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में कृषकों को जानकारी दिया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. सुरेश मरकाम द्वारा धान फसल के साथ साथ दलहन-तिलहन, उद्यानिकी फसल, गेंदाफूल, गुलाब की खेती, पशुपालन, मुर्गीपालन, बकरापालन, सुकर पालन, बत्तख पालन, मछली पालन, रेशम पालन, लाख पालन, खेत एवं तालाब मेडो का समुचित उपयोग पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई 1 डॉ. भूपेंद्र कुमार ठाकुर विषय वस्तु विशेषज्ञ द्वारा मुख्य खरीफ एवं रबी फसलों के रोग एवं कीट के पहचान, लक्षण एवं नियंत्रण, जैविक कीटनाशक निमास्त्र, ब्राम्हस्त्र एवं जैविक खाद नाडेप खाद, वर्मी खाद, हरी खाद पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण पश्चात एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजनान्तर्गत शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र बोरगांव कोण्डागांव में संचालित गतिविधियों का भ्रमण कराया गया 1 कोण्डागांव जिले के प्रसिद्ध कृषक राजाराम त्रिपाठी के मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म में कालीमिर्च की खेती पर कृषकों को भ्रमण करवाया गया एवं नारियल विकास बोर्ड में कृषकों को उन्नत किस्म के नारियल की खेती के बारे में भ्रमण करवाया गया। हरी झंडी दिखाते समय अनुविभागीय ▶▶| शेष पेज 02 पर

**पीएम मोदी का संकल्प समृद्ध किसान और मजबूत देश**

# आत्मनिर्भरता मिशन योजना किसानों के लिए वरदान बनेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत देश के अन्नदाताओं किसान भाई-बहनों को 42,000 करोड़ से अधिक की कृषि परियोजनाओं का ऐतिहासिक उपहार प्रदान किया, साथ ही प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना एवं दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया गया। वर्चुअल कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर भी शामिल हुए। किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने कहा कि हमेशा से ही भारतीय जनता पार्टी सरकार की सोच रही है कि कैसे हम किसानों को सशक्त बनाने समृद्ध बनाए। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार रही हो या विगत 11 वर्षो से नरेन्द्र मोदी की सरकार हो, लगातार कृषि के जुड़े विषयो पर किसानों के आय को दुगना करने तथा लागत को कैसे कम करें, इसकी चिंता करते हुए पीएम मोदी ने अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए है, जिसका परिणाम अब धरातल में नजर आ रहा है। किसानों के जीवन मे नई ऊर्जा तथा अवसर एवं आत्मनिर्भरता का संचार हुआ। प्रदेश की त्रिपल इंजन की विष्णुदेव साय सरकार इन दो वर्षों में विकसित छत्तीसगढ़ के सपनो को ▶▶| शेष पेज 02 पर




### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष विजय मंडावी, जनपद पंचायत अध्यक्ष पूर्णिमा कावड़े, राजेंद्र गौर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य खेम तिवारी, केवीके प्रभारी डॉ. बीरबल साहू एवं किसान उपस्थित रहें।

### पीएम मोदी का निर्णय किसानों के लिए बड़ा कदम

*विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि पीएम मोदी ने दो योजनाओं का शुभारंभ किया है, यह दोनों योजना 6 वर्षो तक चलेगी और योजना के परिणाम को देखकर अवधि को आगे और बढ़ाया जाएगा। किसानों के सशक्तिकरण की दिशा में यह बड़ा कदम है। यह दोनों योजना देश एवं प्रदेश के अन्नदाता किसान भाई बहनों के लिए मील का पत्थर साबित होगा एवं कृषि क्षेत्र को नई दिशा मिलेगी। इस योजनाओं से किसानों को प्रोसिसिंग ब्राडिंग भंडारण और विपरण के नए अवसर मिलेंगे।*

## खबर संक्षेप



### अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर आयोजन

**कोण्डागांव।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आज हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में बालिकाओं ने एक रंगोली बनाई, जिसमें बालिकाओं की सुरक्षा, सक्षमता, और ऊंची उड़ान के प्रयासों को रेखांकित किया गया है। जिसे सभी ने सराहा। इस मौके पर संस्था के समस्त छात्र छात्रएं, प्राचार्य जमील खान, मुकेश सैमसन, संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान, व्याख्याता यशवंत देवांगन, सारिका कश्यप, कु. दुलेश्वरी दर्रो, हेमंत देहारी, संजीव तालुकदार ,उमाकांत दीवान, राजू राम मरकाम, तुलेश्वर नाग,चंद्रा रेखा ध्रुव, लता देवांगन, प्रमानन्द वैद्य, भारत देवांगन तथा विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहे।

### दो कारों में हुई भिड़ंत बाल-बाल बचे 12 लोग



**फरसगांव।** नेशनल हाईवे-30 बोरगांव के पास शनिवार को दोपहर करीब 2 इनोवा कार और स्विफ्ट कार की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद इनोवा कार तालाब में जा घुसी। इनोवा कार में डेढ़ माह के बच्चे से साथ कुल 12 लोग सवार थे। गनीमत रही कि सभी बाल बाल बच गए। दुर्घटना में दोनों कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जानकारी अनुसार इनोवा में सवार लोग रायपुर निवासी है, जो शादी समारोह में शामिल होने कोंडागांव जा रहे थे। वही स्विफ्ट कार में सवार व्यक्ति जगदलपुर से रायपुर जा रहा था। घटना के सूचना पर फरसगांव थाना पुलिस घटना स्थल में पहुंच दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी गई। बताया जा रहा है कि जर्जर सड़क के चलते यह हादसा हुआ है।

# जिया, दिव्यांशी और दिलेश्वर टेबल टेनिस खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता दुर्ग 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले की तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ी जिया बंजारे, दिव्यांशी और दिलेश्वर देवांगन का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। ये तीनों खिलाड़ी अब छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य स्तरीय मुकाबले में कोंडागांव टेबल टेनिस संघ के खिलाड़यों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। 14 वर्ष बालिका वर्ग में उपविजेता कु. जिया बंजारे। 14 वर्ष बालक वर्ग में उपविजेता काव्यांश पारख। 17 वर्ष बालिका वर्ग में उपविजेता कु. दिव्यांशी। 19 वर्ष बालक वर्ग में उपविजेता दिलेश्वर देवांगन खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और खेल कौशल से रजत पदक हासिल कर बस्तर संभाग और कोंडागांव जिले का नाम गौरवान्वित किया। इन सभी खिलाड़ियों को प्रशिक्षण सेवानिवृत्त शिक्षक एवं राष्ट्रपति व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त कोच आर.के. जैन द्वारा दिया जा रहा है। अब तक उनके मार्गदर्शन में 117 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर और 800 से अधिक खिलाड़ी राज्य व ओपन प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके हैं। जिया बंजारे, दिव्यांशी और नंदिनी गुप्ता ब्लॉक कॉलोनी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय से, दिलेश्वर देवांगन शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव से, और अन्य खिलाड़ी जैसे काव्यांश पारख, सुशांत देवांगन, अर्जुन यादव, हिरण्या सागर सेजेस जामकोटपारा विद्यालय से हैं।

**टेटे के तीन सितारे : कोंडागांव के खिलाड़ी करेंगे राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व**



### प्रशिक्षक और अभिभावकों को भी दी गई बधाई

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर जिलेभर से बधाई संदेश मिल रहे हैं। माँ दंतेश्वरी अकादमी की कु. कुमुद यादव, उनकी प्रशिक्षक अंजली ठाकुर तथा अभिभावक विकास गजवल्ला को भी बधाई दी गई। ऑफिशियल सौरभ मडावे और अनीश यादव ने भी इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कोंडागांव जिला टेबल टेनिस संघ के सदस्यों मोहम्मद यासीन, मोहन कोटडिया, सुरेश संचेती, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. दीपक सेठिया, डॉ. शिल्पा देवांगन, श्रीमती ज्योति जैन, रितेश संचेती, दीपक पारख, विजेंद्र साहू, हर्ष लाहोटी सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दीं। साथ ही प्राचार्य शिवलाल शर्मा, एन.के. नायक, बी. जॉन, एवं अन्य शिक्षकों ने भी छात्रें की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

### बस्तर संभाग का बढ़ा गौरव

कोंडागांव के इन युवा खिलाड़ियों ने न केवल जिला बल्कि पूरे बस्तर संभाग का नाम रोशन किया है। अब सभी की निगाहें राष्ट्रीय प्रतियोगिता पर हैं, जहाँ ये खिलाड़ी अपनी मेहनत और लगन से छत्तीसगढ़ का परचम पूरे देश में लहराने को तैयार हैं।जिला टेबल टेनिस संघ के तीन खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन होने पर स्थानीय खेल प्रेमियों व डा.राजाराम त्रिपाठी ने हर्ष व्यक्त किया है।

## बस्तर की परंपरा, शिल्प और रचनात्मकता को राष्ट्रीय पहचान देने की पहल

# बस्तर राइजिंग कोंडागांव की कला संस्कृति और संभावनाओं की नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



बस्तर की मिट्टी, मेहनत और प्रतिभा अब नई पहचान गढ़ रही है। छत्तीसगढ़ शासन के जनसंपर्क विभाग और बस्तर संभाग के जिला प्रशासन की संयुक्त पहल बस्तर राइजिंग के तहत कोंडागांव में सांस्कृतिक और रचनात्मक ऊर्जा का संगम देखने को मिला। यह कारवां केवल एक सांस्कृतिक यात्रा नहीं, बल्कि बस्तर की आत्मा, उसकी कला, परंपरा और लोकजीवन की गाथा को विश्व पटल पर स्थापित करने की पहल है। बस्तर राइजिंग टीम ने कोंडागांव प्रवास के दौरान जिले की पारंपरिक कला और शिल्प को नज़दीक से जाना। टीम का नेतृत्व प्लेस ऑफ पॉसिबिलिटी के संस्थापक पृतुल जैन कर रहे हैं। उन्होंने कहा बस्तर की कहानी केवल संस्कृति नहीं, बल्कि रचनात्मक संभावनाओं की जीवंत प्रेरणा है। टीम ने प्रसिद्ध टेराकोटा शिल्पकार अशोक चक्रधारी से मुलाकात की जिन्होंने मिट्टी को कला में बदलने की अद्भुत प्रक्रिया से सबको परिचित कराया। उन्होंने बताया कि किस तरह गूंथी हुई मिट्टी, तपन और धैर्य से मैजिक दीये जैसी अभिनव कृतियाँ बनती हैं। अशोक ने कहा यह कला केवल हाथों की नहीं, दिल और धैर्य की भी परीक्षा है। टीम ने तिघेल से भी भेंट की, जो रॉट आयरन से अद्भुत कलाकृतियाँ तैयार करते हैं। उन्होंने बताया कि यह कला उनके पूर्वजों से चली आ रही है, जब लोहा पत्थरों से निकाला जाता था। उन्होंने पारंपरिक अमुस तिहार हरेली की परंपरा साझा की, जिसमें घर के चौखटों पर लोहे की कील ठोककर नकारात्मक शक्तियों से रक्षा की जाती है।

▪ टेराकोटा, रॉट आयरन और हर्बल फार्मिंग की अनोखी विरासत को मिला सम्मान



### प्राकृतिक खेती का प्रेरक मॉडल : डॉ. राजाराम त्रिपाठी

भ्रमण के दौरान टीम ने माँ दंतेश्वरी हर्बल फार्म में डॉ. राजाराम त्रिपाठी से भी भेंट की। उन्होंने प्राकृतिक खेती, जैविक उत्पाद, और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर विस्तार से जानकारी दी। टीम ने फार्म में काली मिर्च की नई किस्में, औषधीय पौधे और जैविक उर्वरक निर्माण प्रक्रिया को नजदीक से देखा। डॉ. त्रिपाठी ने कहा क्लाइमेट चेंज अब हकीकत है, और इसका समाधान हमारी पारंपरिक खेती में ही छिपा है। टीम ने साथी संस्था के संस्थापक भूपेश तिवारी से भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे बस्तर के युवाओं, शिल्पकारों और कलाकारों को पर्यटन और संस्कृति से जोड़कर आजीविका के नए अवसर दिए जा सकते हैं।

### सीएम की जनभागीदारी पर आधारित विकास अवधारणा से जुड़ी पहल

बस्तर राइजिंग कार्यक्रम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनभागीदारी आधारित विकास अवधारणा से प्रेरित है। इसका उद्देश्य है बस्तर की कला और परंपरा को केवल विरासत नहीं, बल्कि आजीविका और सम्मान से जोड़ना। कोंडागांव की धरती जहाँ टेराकोटा और रॉट आयरन जैसी पारंपरिक कलाओं की जननी है, वहीं यहाँ की प्राकृतिक खेती और सामाजिक नवाचारों ने इसे बस्तर राइजिंग की आत्मा बना दिया है। यह पहल न केवल कलाकारों को मंच दे रही है, बल्कि बस्तर को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम है।

# जिपं उपाध्यक्ष ने किया छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव



ग्राम बहिगांव स्थित प्री-मैट्रिक बालक छात्रावास में शुक्रवार की रात एक खास माहौल देखने को मिला। देर रात अचानक जिला पंचायत उपाध्यक्ष हिरासिंह नेताम छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में रह रहे बच्चों से आत्मीय बातचीत की, उनकी पढ़ाई, रहन-सहन और भोजन की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

▪ जिपं उपाध्यक्ष हिरासिंह नेताम ने छात्रावास में बच्चों से की आत्मीय बातचीत

नेताम ने छात्रावास परिसर में प्रवेश करते ही सबसे पहले साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने हॉस्टल अधीक्षक से पूछताछ करते हुए छात्रों की उपस्थिति, रसोई की स्वच्छता और बच्चों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खुद किचन में जाकर भोजन की गुणवत्ता देखी और बच्चों से स्वाद और मात्रा के बारे में भी पूछा।

### छात्रों ने जताया आभार

छात्रों ने रात में आए अतिथियों का स्वागत किया और इस बात पर खुशी जताई कि कोई जनप्रतिनिधि उनके बीच आकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुन रहा है। कई बच्चों ने बताया कि ऐसे दौरों से उन्हें प्रेरणा मिलती है और वे पढ़ाई में और मेहनत करना चाहते हैं।

### अधिकारियों को दिए सुधारात्मक निर्देश

निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को हिरासिंह नेताम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों की मूलभूत सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में नियमित रूप से साफ-सफाई, पेयजल और भोजन की गुणवत्ता की जांच होती रहनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए अतिरिक्त कोचिंग, योगा और खेल गतिविधियों जैसी पहलें लगातार जारी रखी जानी चाहिए, ताकि छात्र मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बन सकें।

# बालिकाओं ने शिक्षा, सशक्तिकरण और समानता पर दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, कोण्डागांव में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य पी. एस. डेनियल ने की। कार्यक्रम के दौरान आयोजित पोस्टर प्रदर्शनी में पूजा नेताम, विमला नेताम, पूजा पटेल, मनीषा कुशवाहा, गरीमा वर्मा और अनुकल्प मिश्रा ने बालिका शिक्षा, सुरक्षा और समानता पर संदेशपूर्ण पोस्टर प्रस्तुत किए जिनमें समाज में परिवर्तन का स्पष्ट संदेश झलक रहा था। कविता वाचन सत्र में यमुना पटेल, हेमा नाग और अंकिता नायक ने बालिकाओं के आत्मसम्मान, संघर्ष और सपनों की उड़ान को हृदयस्पर्शी शब्दों में व्यक्त किया। भाषण प्रतियोगिता में डिंपल साहू और अखिलेश गायधने ने बालिका सशक्तिकरण के सामाजिक और नैतिक पहलुओं पर प्रभावशाली वक्तव्य दिए। विद्यालय की शिक्षिका त्रिवेणी बोस ने कहा ऐसे आयोजन बालिकाओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व के गुणों को विकसित करते हैं जिससे वे समाज की प्रेरणा बन सकें। प्राचार्य पी. एस. डेनियल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि बालिका केवल परिवार की नहीं, बल्कि राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला है। उन्हें सशक्त बनाना हमारा परम कर्तव्य है।



### प्रतिभागी पुरस्कृत

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन ने विद्यालय परिसर में जागरूकता, प्रेरणा और उत्साह का वातावरण निर्मित किया, जो बालिकाओं के सशक्त भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

### गंगामुंडा चौपाटी से हटाई गई चिकन की दुकानें



**जगदलपुर।** गंगामुण्डा तालाब चौपाटी के समीप रोहित नाग निवासी गांधी नगर वार्ड के द्वारा अवैध रूप से तलाब बंड के ऊपर शासकीय जगह पर 4 दिनों से चिकन दुकान का संचालन किया जा रहा था। छठ महा पर्व को देखते हुए उक्त स्थान पर किसी भी प्रकार का मांसाहारी से संबन्धित कोई व्यवसाय न हो। अतिक्रमण स्थल से मांसाहार की दुकान को हटाने कहा गया। साथ ही उक्त संचालित दुकान को संजय मार्केट परिसर में लगाने स्थल उपलब्ध कराया जावेगा। जिस पर अतिक्रमण धारी के द्वारा निर्देश को ना मानते हुए दुकान को नहीं हटाया गया। इस संबंध में बोधघाट थाना को पत्र लिखकर पुलिस बल ले जाकर अतिक्रमण को हटाया गया।

# राष्ट्रीय स्तर पर कोंडागांव को नीति आयोग का प्रथम पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कोंडागांव जिले ने एक बार फिर प्रदेश का मान बढ़ाया है। नीति आयोग, भारत सरकार द्वारा आयोजित नीति फॉर स्टेट्स यूज़ केस चौलेंज अवॉर्ड्स में कोंडागांव को स्वास्थ्य एवं पोषण श्रेणी में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। यह पुरस्कार जिले द्वारा लागू की गई अभिनव पहल गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की कमी लाने के लिए दिया गया। इस योजना के अंतर्गत डेटा आधारित विश्लेषण, नवीन हस्तक्षेप, सतत निगरानी और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से एनीमिया की दर में उल्लेखनीय कमी लाने में सफलता प्राप्त की गई।

यह प्रतिष्ठित पुरस्कार जिला कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना को एलबीएसएनएए, मसूरी में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम और लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी के निदेशक श्रीराम तरणीकांति के करकमलों से हुआ। जिले में स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पंचायत संस्थाओं और समुदाय के संयुक्त प्रयास से यह नवाचार संचालित किया गया।

# गुंडाधुर महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव के समाजशास्त्र विभाग द्वारा आज माँ दंतेश्वरी हर्बल फार्म का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को जैविक खेती, औषधीय पौधों और प्राकृतिक खाद निर्माण की बारीकियों से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने प्रत्यक्ष रूप से देखा कि बिना किसी रसायन और कीटनाशक के, खेत में ही तैयार वर्मी–कम्पोस्ट और जैविक खाद से मिट्टी की उर्वरता बनाए रखी जा सकती है। यहाँ की तकनीकें न केवल पर्यावरण अनुकूल हैं बल्कि किसानों के लिए अधिक लाभदायक भी साबित हो रही हैं। विद्यार्थियों की मुलाकात विश्वविख्यात कृषक एवं पर्यावरण योद्धा डॉ. राजाराम त्रिपाठी से हुई। सात बार देश के सर्वश्रेष्ठ किसान का खिताब पाने वाले डॉ. त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा खेती को यदि हम व्यापार नहीं, संस्कार मानें, तो यही धरती हमारी सबसे बड़ी गुरु है। भ्रमण के दौरान गिलोय, स्टीविया, काली मिर्च और अन्य जड़ी–बूटियों की खेती की जानकारी दी गई। विशेष रूप से काली मिर्च की उच्च उत्पादन वाली नई वैरायटी एमडीबीपी–16 और प्लास्टिक रहित नेचुरल ग्रीनहाउस तकनीक को विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक जाना।



### धरती के सच्चे प्रहरी हैं डॉ. त्रिपाठी

राष्ट्रीय औषधीय पादप बोर्ड, आयुष मंत्रलय के सदस्य और चैम्फ के चेयरमैन डॉ. त्रिपाठी ने हजारों आदिवासी परिवारों को औषधीय पौधों और जैविक खेती से आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है। उन्हें ग्लोबल ग्रीन वारियर" और अर्थ हीरो अवॉर्ड जैसे अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम ने कहा कि सच्ची हरियाली खेतों में नहीं, विचारों में होती है। वहीं विभागाध्यक्ष डॉ. किरण नुरेटी ने माँ दंतेश्वरी हर्बल फार्म को छत्तीसगढ़ का ही नहीं, पूरे देश का गौरव बताया।

## राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता 22 को

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पुजारीपारा में दीपावली पर्व के अवसर पर राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता दीपावली धमाका का आयोजन भव्य रूप से किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 22 अक्टूबर बुधवार को शाम 8 बजे से प्रारंभ होगी। कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी कला-प्रेमियों, युवाओं एवं दर्शकों को सादर आमंत्रित किया गया है।

## पेज 3 के शेष

### दो दिनों से...

रहा है कि खेतों में भरे पानी का हल किस तरह से निकाला जाएं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले एक-दो दिनों तक जिले में इसी तरह की रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना बनी हुई है। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अव्हान किया है कि बिजली कड़कने और तेज हवा चलने की स्थिति में खुले स्थानों से दूर रहें और सुरक्षित स्थानों पर रूक जाए।

### खस्ताहाल सड़क से...

भी प्रभावित हो रही है। अपनी इस गंभीर समस्या से परेशान होकर कई स्कूली छात्र सड़क पर ही धरने पर बैठ गए और जल्द से जल्द सड़क के निर्माण की मांग करने लगे। बच्चों के धरने पर बैठने की जानकारी मिलते ही गोण्डाहुर पुलिस तत्काल धरना स्थल पर पहुँची। पुलिस अफसरों ने छात्रों और स्थानीय लोगों से चर्चा करते हुए आश्वासन दिया कि जल्द सड़क बनवाई जाएगी, परंतु समाचार लिखे जाने तक छात्रों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी सड़क की समस्या का ठोस समाधान नहीं होता, तब तक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। क्षेत्र में खस्ताहाल सड़कों को लेकर स्थानीय लोगों और छात्रों में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस घटना ने एक बार फिर इलाके में मूलभूत सुविधाओं की कमी को उजागर कर दिया है।

### आत्मनिर्भरता मिशन...

साकार करने में लगी हुई है। आगामी 15 नवंबर से प्रदेश के 25 लाख किसानों का 3100 सौ प्रति क्विंटल एवं 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी करने जा रही है। हम सभी को मिलकर खेती किसानी को समृद्धि और सम्मान का प्रतीक बनाएं।

### किसानों को कोडागांव...

अधिकारी प्रमोद सार्वा, डीपीडी संगीता रॉय, डॉ. नरेंद्र राणा, नरेंद्र नेताम शामिल रहे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में उद्यानिकी विभाग से राजेश जगत उद्यान अधीक्षक सिंगारभाट और कृषि विभाग से जगबती नेताम कृषि विस्तार अधिकारी, आत्मा योजना से बलवीर सेन, सलमान असिस्टेंट टेक्नोलॉजी मैनेजर महिला एवं पुरुष कृषक सम्मिलित हुए।

### किरंदुल परियोजना को मिला प्लेटिनम अवार्ड

**किरंदुल।** एनएमडीसी की वृहद एवं महत्वपूर्ण लौह अयस्क खान किरंदुल कॉम्पलेक्स के रवीन्द्र नारायण, अधिशासी निदेशक के निर्देश में किरंदुल परियोजना की खदानों, आवासीय कॉलोनियों, पार्कों में पर्यावरण संतुलन एवं वृहद वृक्षारोपण और पर्यावरण जागरूकता अभियान जैसे पर्यावरणीय क्षेत्रों कई उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में देहरादून उत्तराखंड में आयोजित फेम नेशनल अवार्ड-2025 समारोह में किरंदुल परियोजना को पर्यावरणीय क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों की उत्कृष्टता के लिए प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड परियोजना की ओर से अवनीश शर्मा, उप महाप्रबंधक पर्यावरण ने ग्रहण किया। प्राप्त अवार्ड को 10 अक्टूबर को किरंदुल में परियोजना प्रमुख को सौंपा गया। इस अवसर पर केपी सिंह मुख्य महाप्रबंधक उत्पादन, एसके कोचर, महाप्रबंधक खनन, डीआर वेंकटेश्वर्लू, उप महाप्रबंधक एमपी उपस्थित थे। अवार्ड प्राप्त होने पर परियोजना प्रमुख ने खुशी जाहिर करते हुए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी है।

## स्वच्छता को बढ़ावा देने बरहेली में पुरस्कार और सम्मान की घोषणा



**दुर्गूकोंदल।** ग्राम पंचायत बरहेली की सरपंच प्रिया दुष्यंत वाडिवा ने स्वच्छता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायी योजना की शुरुआत की है] जे गांव के होही सफाई, वो गांव ल मिलही पंचायत के ग्रामीणों ले बधाई"। इस योजना के अंतर्गत जो भी गांव स्वच्छता अभियान में सबसे आगे रहेगा, उसे पंचायत की ओर से सम्मानित और पुरस्कृत किया जाएगा। सरपंच प्रिया वाडिवा ने बताया कि स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आदत बननी चाहिए। उनके नेतृत्व में सभी वार्ड पंच, महिला स्वसहायता समूह, युवा साथी और ग्रामवासी मिलकर गांव की गलियों, सार्वजनिक स्थलों और नालियों की साफ-सफाई में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति प्रतिस्पर्धात्मक भावना पैदा करना और स्वच्छ गांव, स्वस्थ गांव की दिशा में ठोस कदम उठाना है। ग्रामीणों ने इस अभियान का खुले दिल से स्वागत किया और नियमित सफाई कार्य में जुट गए हैं। ग्राम पंचायत बरहेली की यह पहल न केवल स्वच्छता को बढ़ावा दे रही है, बल्कि ग्रामीण एकता और सामुदायिक सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण भी पेश कर रही है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# जल संकट से निपटने मनरेगा के तहत सामुदायिक सहभागिता से सार्थक प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में जल संरक्षण एवं भू-जल स्तर के संवर्धन में जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल की जा रही है। मोर गांव, मोर पानी अभियान के तहत मनरेगा के माध्यम से अनेक संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में जल संरक्षण से संबंधित कुल 5868 कार्य पूर्ण किए जा चुके है। युक्तधारा पोर्टल पर 10704 कार्य की कार्ययोजना तैयार किए गए और मोर गांव मोर पानी अभियान के अंतर्गत 1915 जल संरक्षण कार्य स्वीकृत किए गए। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी ने बताया कि इसके लिए कार्य योजना तैयार करने में जीआईएस आधारित युक्तधारा पोर्टल का प्रयोग किया जा रहा है। रिड्ज टू वैली सिद्धांत के आधार पर योजनाओं का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों में जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूकता लाने प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। पंचायत एवं शासकीय भवनों की दिवारों पर जल संरक्षण से संबंधित नारे एवं स्लोगन अंकित कराए जा रहे हैं। यह भी बताया गया कि युक्तधारा पोर्टल का उपयोग करते हुए अब तक 10704 कार्यों की कार्य योजन तैयार की जा चुकि हैं, जिनका क्रियान्वयन आगामी वित्तीय वर्ष में किया जाएगा। इस प्रकार जिले में मनरेगा के तहत प्राकृतिक संसाधन, प्रबंधन एवं आजिवीका संवर्धन के लिए विभिन्न स्थायी परिसंपत्तियों का भी निर्माण किया गया है। इन संरचनाओं से जल संरक्षण और भू-जल स्तर की वृद्धि में मदद मिली है।

**मोर गांव, मोर पानी महाअभियान से ग्रामीण लगातार जुड़ रहे**




### मोर गांव, मोर पानी महाअभियान से ग्रामीण लगातार जुड़ रहे

यह अभियान सामुदायिक सहभागिता एवं जनभागीदारी पर आधारित है, जिसमें जल संरक्षण एवं संवर्धन से संबंधित कार्य ग्रामीणों और स्व-सहायता समूहों की महिलाओं की सक्रिय सहभागिता एवं सहयोग के साथ ग्राम पंचायत संसाधन मानचित्र की सहायता से ट्रांजिट वॉक (ग्राम पंचायत भ्रमण) करते हुए कार्य योजना तैयार किया जाता है। महाअभियान के तहत अमृत सरोवर तालाब, कृषि तालाब, परकोलेशन टैंक, निजी डबरी, चेक डैम, कंटूर ट्रेंच, गेबियन रिचार्ज पिट, लूज बोल्डर स्ट्रक्वर कुंए का निर्माण किया जाता है।

## ठेकेदार की लापरवाही पर विभाग की चुप्पी से निर्माण अधूरा

# 100 बिस्तर छात्रावास निर्माण दो साल से अधूरा, छात्रों का भविष्य अधर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



शासकीय वीर गैंद सिंह महाविद्यालय पखांजुर में 100 बिस्तरों वाले बालक छात्रावास भवन का निर्माण कार्य पिछले दो सालों से अधर में लटका हुआ है। छात्रों को बेहतर आवास सुविधा देने के उद्देश्य से शुरू हुआ प्रोजेक्ट ठेकेदार की लापरवाही और उदासीनता के कारण अब एक बड़ी समस्या बन गया है। निर्माण कार्य अधूरा होने से जहां एक ओर छात्र मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, वहीं दूसरी ओर सरकारी राशि का सदुपयोग भी सवालों के घेरे में है। बालक छात्रावास भवन को बनाने के लिए मेसर्स बुद्धा कंस्ट्रक्शन बक्सर बिहार नामक कंपनी को सौंपा गया था, लेकिन पिछले डेढ़ साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी यह कार्य पूरा नहीं हो पाया है। इसमें विद्युतीकरण और पहुंच मार्ग जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी शामिल हैं। ठेकेदार की कार्यशैली पर अब लोक निर्माण विभाग ने भी सख्त रुख अपनाया है। इस मामले में पीडब्लूडी के अनुविभागीय अधिकारी विजय कुमार बांगर ने ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि ठेकेदार को कार्य में विलंब के कारण अब तक दो कारण बताओ नोटिस जारी किया जा चुका है। इसके अलावा मीडिया के माध्यम से छड़ की गुणवत्ता खराब होने की जानकारी मिली है, इसकी तत्काल जांच कराई जाएगी। जांच के उपरांत यह देखा जाएगा कि क्या कार्य में इस्तेमाल सामग्री गुणवत्ता योग्य है या नहीं। यदि छड़ खराब पाया जाता है तो ठेकेदार को तत्काल नया छड़ उपयोग करने का आदेश दिया जाएगा। एसडीओ ने ठेकेदार को अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अब भी कार्य को प्राथमिकता के आधार पर और शीघ्रता से शुरू नहीं किया जाता है, तो विभाग सख्त कदम उठाने को मजबूर होगा। यदि ठेकेदार जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ नहीं करता है, तो उनका निविदा तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया जाएगा और इस कार्य को पूरा करने के लिए दुबारा निविदा निकाला जाएगा। दो साल से कार्य अधूरा होने के कारण महाविद्यालय के छात्रों में निराशा है। यह छात्रावास भवन केवल एक इमारत नहीं है, बल्कि दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले छात्रों के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त करने का आधार है। निर्माण में हो रही देरी सीधे तौर पर इन छात्रों के शैक्षणिक और सामाजिक भविष्य को प्रभावित कर रही है। अब देखना यह है कि लोक निर्माण विभाग की यह अंतिम चेतावनी ठेकेदार पर कितना असर करती है या फिर यह प्रोजेक्ट एक बार फिर कानूनी और प्रशासनिक पचड़ों में फंसकर रह जाता है।

## बीएसएफ अधिकारियों ने छात्रों को कैरियर निर्माण पर दिया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल दुर्गुकोंदल में 178 बटालियन सीमा सुरक्षा बल के तत्वावधान में एक विशेष कैरियर मार्गदर्शन व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को जीवन में सही दिशा देने, व्यक्तित्व विकास के महत्व को समझाने तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका के प्रति प्रेरित करना था।

उप समादेष्टा 178 वी वाहिनी सीमा सुरक्षा बलनागमणि सिंह ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, मेहनत और समर्पण के महत्व पर प्रकाश डाला। बताया कि कैरियर निर्माण केवल एक नौकरी पाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अपने व्यक्तित्व, सोच और जिम्मेदारियों के विकास से जुड़ा हुआ है। विद्यार्थियों को सीमा सुरक्षा बल सहित विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों में सेवा के अवसरों की जानकारी दी और उन्हें देश सेवा के लिए प्रेरित किया। युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं और सही मार्गदर्शन मिलने पर वे समाज और राष्ट्र दोनों की दिशा बदल सकते हैं। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, समय प्रबंधन करने और नकारात्मक विचारों से दूर रहकर सकारात्मक सोच विकसित करने का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अजय नेताम, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक जैन, शिक्षकगण एवं लगभग 300 विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने व्याख्यान में सक्रिय भागीदारी की और अपने मन में उठने वाले प्रश्नों को उत्साहपूर्वक प्रस्तुत किया, जिनका समाधान बीएसएफ अधिकारी ने सरल व प्रेरक ढंग से किया। प्रार्चाय ने कहा कि यह पहल न केवल विद्यार्थियों को करियर संबंधी जानकारी प्रदान करती है, बल्कि उनमें राष्ट्रभक्ति और जिम्मेदारी की भावना भी जागृत करती है।

विद्यालय प्रबंधन एवं विद्यार्थियों ने बीएसएफ के इस सार्थक प्रयास की सराहना की और ऐसे प्रेरक कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की। यह आयोजन न केवल एक व्याख्यान तक सीमित रहा, बल्कि विद्यार्थियों के मन में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और राष्ट्रसेवा की भावना का संचार कर गया।

## खबर संक्षेप



### बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण पर दिया जोर

**दुर्गुकोंदल।** शासकीय बालक प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय दुर्गूकोदल में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि सरपंच शकुंतला नरेटी ने कहा कि बालिकाएं जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रही हैं। कठिन परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर बेटियां सिद्ध कर चुकी हैं कि वे किसी भी परिस्थिति का सामना कर सकती हैं। विशेष अतिथि बैजनाथ नरेटी, प्राचार्य संयुक्त एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा अनिवार्य है, क्योंकि बालक और बालिका दोनों समान हैं। इस अवसर पर उप सरपंच तामेश्वरी जैन, प्रधान अध्यापक सुमित्रा बघेल, पूनम वाधवानी, हरिशंकर उइके, रेशमा कारके, मंजुषा मिंज सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### आज्ञात वाहन की ठोकर से राहगीर की मौत




**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत ग्राम कुलगांव के पास बाइक की ठोकर से पैदल चल रहा बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के दौरान मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना में पाया कि मृतक 61 वर्षीय रैनसिंह मंडावी पिता स्व. फतेसिंह मंडावी 9 मई को पैदल कुलगावं सामाजिक शादी कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। कुलगांव राईसमिल के पास पहुंचा था कि कांकेर की ओर से आ रही अज्ञात मोटर सायकल के चालक ने पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे रैनसिंह मंडावी के सिर एवं हाथ पैर व शरीर में गंभीर चोट लगा था। इलाज के लिए हायर सेंटर रायपुर रिफर किया गया जहां 10 मई को इलाज के दौरान उसका मौत हो गया। एक्सीडेंट से रैन सिंह मंडावी का मौत होने पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 106 (1), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

### हाटकोंदल के छात्र को राज्य टीम में मिली जगह



**दुर्गुकोंदल।** शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हाटकोंदल के कक्षा 10 वीं के छात्र योगेन्द्र कुमार का चयन राज्य स्तरीय खो-खो अंडर 17 टीम में किया गया है। प्रतियोगी मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया और अपने विद्यालय, जिले एवं गांव को गौरवान्वित किया।

## दुकान की छत काटकर सामान व नकदी की चोरी, पुलिस चोर की तलाश में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



राईसमीलपारा सिंगारभाट में एक दुकान की छत को काटकर अज्ञात चारों ने दुकान से सिगरेट, कोलड्रिंक, गुटखा और साउंड सिस्टम की उड़ा ले गए। दुकानदार सुबह इस दृश्य को देखकर स्तब्ध रह गया। दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुट गई है, जिससे चोरी करने वाले की पहचान हो सके। थाना कांकेर में शिकायत करने पहुंचे सिंगारभाट कांकेर निवासी 45 वर्षीय गोविंद साहा पिता सुकुमार साहा ने पुलिस को बताया कि राईसमिलपारा सिंगारभाट के पास रोड किनारे पान गुटखा का दुकान चलाता हूं। मैं अपनी दुकान को 9 अक्टूबर की रात 11 बजें बंद करके चला गया था और अगले दिन 10 अक्टूबर की सुबह साढ़े 7 बजे के मध्य दुकान खोलने पहुँचा। दुकान का ताला खोला तोदेखा कि उसकी छत कटी हुई है और सामान की जाँच किया तो दुकान में रखा कोल्डड्रिंक, पान गुटखा, सिगरेट, एक होमथियेटर व नगदी रकम को दुकान का टिन के सीट को काट कर चोरी कर लिया है। दुकानदार ने पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर दुकान में रखी 50 पैकेट गोल्ड फेलेक, 50 पैकेट फेलेक, गोल्ड किंग 10 पैकेट, गाईन 10 पैकेट, रेगूलर 10 पैकेट, गोल्ड गाईन 10 पैकेट, गुटखा 2 बोरी, कोल्ड ड्रिंक, ब्लेक फिल्टर एडवांश 25 पैकेट, नगद 3 हजार रूपएं और एक होम थियेटर कीमत 5 हजार रूपएं कुल 30 हजार रूपएं का सामान चोरी हो गया है। दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 305 (ए), 331 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लेते हुए आसपास के दुकान में लगे सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। पुलिस चोर की तलाश में जुट गई है। इस तरह की चोरी कई बार शहर में हो चुकी है।

## प्राचार्य संघ दुर्गूकोंदल के प्रकाश अध्यक्ष मनोनीत



**दुर्गुकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गुकोंदल में तहसील प्राचार्य संघ का निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्वक हुआ। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों का चयन मनोनयन के आधार पर सर्वसम्मति से किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रकाश गोस्वामी ने कहा कि प्राचार्य संघ का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, शिक्षकों के हितों की रक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना है।

सभी प्राचार्यों के एकजुट समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यह संघ शिक्षा जगत में नई ऊर्जा और समर्पण का संचार करेगा। इस अवसर पर प्राचार्य हीरालाल करगा, ओमप्रकाश उइके, निर्मल ठाकुर, घनाराम कश्यप, चिंताराम ठाकुर, शिवलाल कोमरा, थानेश्वर चंद्राकर, हीरानंद कोठारी सहित तहसील के अनेक प्राचार्य उपस्थित रहे। जिला जनपद सदस्य देवलाल नरेटी, देवेंद्र टेकाम, तथा जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई एवं उपाध्यक्ष आनंद तेता ने कहा कि नया कार्यकारिणी दल शिक्षा के स्तर को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और नवगठित टीम को शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों का पूर्ण समर्थन प्राप्त हुआ।



## अरौद के विद्यार्थियों ने ग्राम के रावण भाठा में स्वच्छता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरौद में 11 अक्टूबर को रावणभाटा क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में विद्यालय के रेडक्रॉस एवं स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण व सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता फैलाना तथा छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना का विकास करना था। छात्रों ने हाथों में झाड़ू, फावड़ा, कचरा थैले लेकर रावणभाटा क्षेत्र में फैले प्लास्टिक, कूड़ा-कचरा आदि को साफ किया। साथ ही स्थानीय लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया एवं स्वच्छता ही सेवा है, स्वच्छ गांव, स्वस्थ जीवन जैसे नारों के माध्यम से संदेश प्रसारित किया गया। प्राचार्य हरिश्चंद्र पोटाई बताया कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों में सेवा, अनुशासन एवं नेतृत्व जैसे गुणों का विकास होता है। सभी प्रतिभागी छात्रों और सहयोगी शिक्षकों की सराहना की एवं भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक कार्यों में सहभागिता की अपेक्षा जताई। यह स्वच्छता अभियान न केवल छात्रों के लिए एक सकारात्मक अनुभव रहा, बल्कि स्थानीय समुदाय के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बना। इस कार्यक्रम में संस्था से रेड क्रॉस के प्रभारी जमुना यूके, महेंद्र नायक स्काउट गाइड प्रभारी बिकेश्वरी पोया, संस्था से हरिश्चंद्र कांगे, योगेश कुमार साहू, वेद व्यास गिरी गोस्वामी, शिव लाल उसेंडी, बाल केबिनेट से सत्यीकरण, प्रखर, दिनेश्वरी, डिम्पल, हुलेश्वरी, चंचल, विनय, गीतांजलि, नीता, कावेरी यामिनी, श्वेता, नैना, चंद्रशेखर, स्काउट गाइड एवं रेड क्रॉस के सभी पदाधिकारी एवं स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

## आंवरी में आयोजित भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित हुए राजेश्री महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



विकासखंड चारामा अंतर्गत आंवरी में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुन्दर दास महाराज सम्मिलित हुए। चारामा पहुंचने पर गौ सेवा आयोग के पूर्व सदस्य नरेंद्र यादव, हितेश्वरी यादव एवं उनके साथियों ने राजेश्री महन्त जी महाराज का स्वागत किया। वे उनके साथ कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे। जहां नवसृजन समिति के सदस्यों के द्वारा उनकी अगवानी की गई। व्यास पीठ पर उपस्थित होकर राजेश्री महंत महाराज ने पूजा अर्चना की। आचार्य रामानुज युवराज पांडे महाराज ने अभिवादन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोताओं को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए राजेश्री महंत महाराज ने कहा कि नवसृजन समिति के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में मुझे सम्मिलित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है, यह आध्यात्मिक आयोजन सानंद संपन्न हो यही ईश्वर से प्रार्थना है। मनुष्य को अपने जीवन में कर्म करने मात्रा में अधिकार है फल की प्राप्ति तो ईश्वर की कृपा पर आधारित है। श्रीमद् भगवत गीता के श्लोक का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने कहा है कि कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन। कहा कि आचार्य व्यास पीठ पर विराजित होकर अत्यंत सरल भाषा में हम सभी को श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा सुना रहे हैं। छत्तीसगढ़ में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आचार्य देश के कोने-कोने में पहुंचकर सनातन धर्म का ध्वज वाहक बनकर भगवत भक्ति को जन-जन तक फैलाएं यही शुभकामनाएं हैं। विद्वान आचार्य पाण्डेय महाराज ने कहा कि इतने बड़े महान विभूतियों के सामने कुछ कहने की मेरी क्षमता नहीं है, मेरा यह परम सौभाग्य है कि पुत्रवत स्नेह करने वाले राजेश्री महंत महाराज यहां पर पधारे हैं। मैं अपनी तोतली भाषा में कथा सुनने का प्रयत्न करूंगा। मुझे आशा है वे मेरी गलतियों को क्षमा कर देंगे। उनके साथ प्रयागराज से भी महात्मा जी उपस्थित हुए हैं, यह हम सभी के लिए प्रसन्नता का विषय है। महारास की कथा सुना कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से रामशिरोमणि दास जी महाराज, हिरवेंद्र साहू, रानू सेन, संतोष शिंदे, राजेश जैन, भूषण सिन्हा, भुवन सिन्हा, बोधन साहू, रिलेश यादव, सुमन पाल, लक्ष्मण विश्वकर्मा, डोमार साहू, मुकुंद यादव, बिहारी निषाद, घनश्याम साहू, लोकेश साहू, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, राम प्रिय दासजी, हर्ष दुबे सहित अनेक गणमान्य नगरीक सहित लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
मूत्र एवं किडनी रोग विभाग
• गुर्दे का कैंसर • गुर्दे की पथरी
• मूत्राशय का कैंसर • पुरुष बाँझपन
• मूत्रनली की पथरी • अंडकोष का कैंसर
• पेशाब में जलन होना पेशाब में रूकावट
• लिंग कैंसर • सेक्स सम्बन्धी समस्याएं
• गुर्दे की सूजन व इन्फेक्शन
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
ओम डेन्टल हॉस्पिटल, समता कॉलोनी,रायपुर (छ.ग.) मो. 8305948040
#Rajesh

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411

धनतेरस, लक्ष्मी पूजा एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...
SAMRIDDHI VIHAR COLONY
शुभ दीपावली में बुक करें और पाए आकर्षक छूट
एक परियोजना समृद्धि बिल्डर्स एंड कॉलोनाइजर्स
संपति की विशेषताएँ
Temple | Kids Play Area | 40Ft Wide Main Road | Garden | 24/7 Security
समृद्धि विहार कॉलोनी
में आराम और विकास से भरी जिंदगी में कदम रखें।
CONTACT DETAILS
+91 90045 95222 smriddhibuilderscolonizers@gmail.com
कांकेर सरंगपाल रोड, माटवाड़ा मोदी कांकेर (छ.ग.)